प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. संसद का बजट सत्र कल से होगा शुरू : आज हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिये सभी राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग।
2. नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने तीन और लोगों को किया गिरफ्तार।
3. प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है गुरू पूर्णिमा का पर्व : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।
4. सावन माह का पहला सोमवार कल : काशी विश्वनाथ मंदिर में किये गये खास इंतजाम, भक्तों के लिये ऑनलाइन दर्शन पूजन की रहेगी व्यवस्था।

और

5. कानपुर के चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 22 जुलाई से शुरू होगा छह दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण।

———————————

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को सदन में आम बजट

रखेंगी। संसद के बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की । केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, ऑल इंडिया मजलिस–ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन औवेसी सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए।

ब्यौरा हमारे संवाददाता से..........

*संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सांख्यिकीय जानकारी और विश्लेषण प्रदान करता है। वित्तमंत्री मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। सरकार इस सत्र में छह नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, भारतीय वायुयान विधायक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। सुपर्णा सैकिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति प्रताप सिंह।*

————————————

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। सूत्रों के अनुसार, ये दोनों आरोपी 5 मई को आयोजित परीक्षा के दिन झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति पेपर लीक सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रहा था।

——————————

प्रदेशभर में आज गुरू शिष्य की पवित्र परम्परा का प्रतीक गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार आज पूर्णिमा की तिथि पर महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरू पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकानाएं दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू पूर्णिमा गुरू पूजा का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरू को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरूकृपा शिष्य की सभी प्रकार के विघ्नों से रक्षा करती है।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से रूद्राभिषेक कर सभी के लिये सुखशांति, आरोग्यता एवं समृद्धि के लिये कामना की। मुख्यमंत्री ने

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर नाथपंथ के गुरूजनों के प्रति श्रद्धा भी व्यक्त की।

प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। वहीं रामनगरी अयोध्या में भी श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया।

उधर, वाराणसी में विभिन्न मठों और आश्रमों में शिष्यों ने अपने ग्ऱूओं के पैर पखारे और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*गुरु–शिष्य परम्परा का पावन पर्व, गुरु पूर्णिमा, यूँ तो पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है पर देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी में इस पर्व का नज़ारा देखते ही बनता है । गुरु पूर्णिमा के दिन काशी के हर मठ–मंदिर में शिष्य का गुरु के प्रति समर्पण देखने को मिलता है, अघोरपीठ, बाबा कीनाराम स्थल, गढ़वाघाट आश्रम, तुलसीघाट, महंत बालक दास आश्रम, धर्मसंघ, पड़ाव स्थित अवधूत भगवान राम आश्रम में गुरु का आशीष पाने को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। प्रातः काल से ही लोगो ने काशी के विभिन्न घाटों पर स्नान भी किया,वही आषाढ़ पूर्णिमा पर भगवान बुध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।*

*मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

अमरोहा में गंगा धाम तिगरी और हापुड़ में गढ़मुक्तेश्वर ब्रज घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में स्नान के बाद भक्तों ने कामदगिरि की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

**जिंगल**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

कल से सावन माह की शुरूआत हो रही है। इसे देखते हुए प्रदेशभर के शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी की जा रही है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन के लिये सावन माह में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचत हैं। विश्वनाथ धाम के साथ ही पूरे काशी में शिवालयों में साफ–सफाई और साज सजावट का कार्य अंतिम चरण में हैं। काशी न पहुंच पाने वाले श्रद्धालुओं के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने ऑनलाइन व्यवस्था की है। मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट www.skvt.org पर श्रद्धालु कहीं से भी बाबा विश्वनाथ का ऑनलाइन दर्शन, पूजन, रुद्राभिषेक

और रुद्री पाठ की सुविधा पा सकेंगे। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए छह स्थानों पर बड़ी एलईडीस्क्रीन लगाई गई है, जिस पर वे बाबा का दर्शन, गर्भगृह में चल रही पूजा–आरती व राग–भोग का दर्शन कर सकेंगे।

उधर, बाराबंकी के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा में भी बड़ी संख्या में शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। सावन माह में यहां मेला भी आयोजित किया जाता है। आज रात्रि से श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो जायेगा।

इसके चलते लखनऊ, गोंडा और बहराइच हाईवे पर मध्य रात्रि से रूट डायवर्ट रहेगा। वहीं लखनऊ के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिये जोर–शोर से तैयारियां चल रही है।

———————

शहरी एवं ग्रामीण किसानों को मशरूम की खेती या व्यवसाय का तौर–तरीका सिखाने के लिए चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मशरूम शोध एवं विकास केन्द्र पादप रोग विज्ञान विभाग 22 जुलाई से 6 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू करेगा। मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ.एस.के.विश्वास ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं तो यह उनके लिए उत्तम अवसर है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर

सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग भी कराए जाएंगे।

——————————

अमरोहा में कल शाम मालगाड़ी ट्रेन के दस डिब्बे पटरी से उतर गये थे। इस लाइन पर आज दोपहर बाद दोपहर मरम्मत कार्य पूरा होने के उपरांत इस मार्ग पर रेलगाड़ियों का संचालन पुनः शुरू कर दिया गया है। स्टेशन मास्टर कैलाश चंद्र ने बताया कि रेल लाइन दुरुस्त कर दी गई हैं और इस रूट पर रेलगाड़ियां का आवागमन शुरू हो गया है।

(समाप्त)